प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार,**

1- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वियनचन में 19वें पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।**
2- **प्रदेश में संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से सुगम बनेगी पंजीयन व्यवस्था, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।**
3- **औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये उद्योग मित्र योजना-2024 लागू।**
4- **देश के साथ प्रदेशभर में भी कल दशहरा पर्व उत्साह और परम्परा के साथ मनाया जाएगा।**

**प्रधानमंत्री-पूर्वी एशिया सम्मेलन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की राजधानी वियनचन में 19वें पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विश्व के शीर्ष नेताओं के नेतृत्व में यह सम्मेलन क्षेत्रीय रणनीतिक विश्वास निर्माण में योगदान करता है और प्रतिभागी देशों को क्षेत्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर देता है। पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में दस आसियान देशों के अलावा आठ भागीदार देश-ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, रूस और अमरीका शामिल हैं। तिमोर-लेस्ते भी सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होगा। क्षेत्र में शांति और स्थिरता, समृद्धि और भरोसा बहाल करने में यह व्यवस्था 2005 से ही प्रभावी है। शिखर सम्मेलन से अलग आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की भी आशा है। वे लाओ पी.डी.आर. के राष्ट्रपति से भी मिलेंगे।**

**संपदा-2.0**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा पहले प्रदेश में दस्तावेज पंजीयन और अन्य कार्यों के लिए कार्यालय आना पड़ता था लेकिन पोर्टल और ऐप के माध्यम से सभी लोग घर से ही इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस नवाचार को पूरा देश फॉलो करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जीआईएस लैब स्थापित करने जा रहे हैं। आईटी में नवाचार के साथ प्रदेश सरकार पेपरलेस सिस्टम की दिशा में कदम बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ई-पंजीयन कराने वालों से संवाद भी किया। उप मुख्यमंत्री**

जगदीश देवड़ा ने कहा कि देश में रजिस्ट्री पंजीयन की डिजिटल प्रक्रिया में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संवावदाताओ को बताया कि

मुख्यमंत्री: गुड़ी पड़वा

प्रदेश में होने वाले विक्रमोत्सव-2025 और अखिल भारतीय कालिदास समारोह को भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में आयोजन के दौरान अतिथियों और विद्यार्थियों को महाकाल देवदर्शन के साथ उज्जैन के इतिहास, विज्ञान, संस्कृति और मूल्यों से परिचय कराया जाएगा। कालिदास संस्कृत अकादमी की केंद्रीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कालिदास का गढ़कालिका मंदिर से संबंध और उसके महत्व पर शिलालेख स्थापित किया जाना चाहिए। साथ ही कालिदास से संबंधित अन्य स्थलों पर भी जन-सामान्य की जानकारी के बोर्ड भी लगाए जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उज्जैन के साथ पूरे प्रदेश में विक्रम पर्व सृष्टि आरम्भ दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

फोर्टिफाइड चावल

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना प्रदेश में लागू रहेगी। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नि:शुल्क फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में प्रतिमाह लगभग 1.75 लाख मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इससे लगभग 5 करोड़ 45 लाख हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।

उद्योग मित्र

प्रदेश में उद्योग मित्र योजना-2024 लागू की गई है। यह योजना 2 वर्षों के लिये प्रभावशील रहेगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश के उच्चदाब एवं निम्नदाब श्रेणी के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्थायी रूप से विच्छेदित विद्युत कनेक्शनों को पुन: जोड़ने का अवसर मिलेगा। तोमर ने कहा है कि इस योजना से वितरण कंपनियों की स्थायी रूप से विच्छेदित उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली हो सकेगी। साथ ही फिर से कनेक्शन जोड़ने एवं नवीन कनेक्शनों से विद्युत विक्रय में

वृद्धि होने से राजस्व में वृद्धि भी होगी। यह योजना राज्य के औद्योगिक विकास के लिये भी सहायक होगी।

## दशहरा पर्व

देश के साथ प्रदेशभर में भी कल दशहरा पर्व उत्साह और परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। इस दिन रावण दहन होगा। इसके पहले दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन का क्रम प्रारंभ होगा। राजधानी भोपाल सहित सभी जिलों में पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ड़ॉ मोहन यादव शनिवार को महेश्वर और इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे। साथ ही प्रदेश के सभी मंत्री अपने जिलो में भी शस्त्र पूजन करेंगे। वहीं सतना जिले के कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बताया कि विसर्जन स्थलों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी 4 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को सौंपी गई है। रतलाम में नवदुर्गा उत्सव अंतिम चरण में है। यहां गरबा पांडालों में श्रद्धालुओं का लगातार पहुंचना जारी है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि त्यौहार भारतीय संस्कृति को समृद्ध करते हैं। इनसे हमें एकजुट होने की प्रेरणा मिलती है।

## जैव-विविधता क्विज

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव राज्य जैव-विविधता बोड सुदीप सिंह ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता-2024 का आयोजन राज्य एवं जिला स्तर पर राज्य जैव-विविधता बोर्ड, वन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण में जिला स्तरीय एवं द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## स्कूली बच्चों को बैग वितरित

वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत ने आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के बैग वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को लेकर सजग है। प्रदेश में उच्च स्तरीय शैक्षणिक संस्थान स्थापित किये जा रहे हैं।

## सोयाबीन खरीदी उत्सव

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी का उत्सव गोवर्धन पूजा

के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए किसानों के कल्याण के लिए राज्य सरकार पूर्ण सजग है। किसान हितैषी फैसले निरंतर लिए जाएंगे, साथ ही किसानों के साथ नियमित संवाद भी होता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है तो उन्हें पूर्ण प्रोत्साहित किया जाएगा।

महिला ट्वेन्टी-ट्वेन्टी विश्व कप

आईसीसी महिला ट्वेन्टी-ट्वेन्टी विश्व कप में वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया है। इस जीत से वेस्टइंडीज सेमीफाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर बांग्लादेश की टीम ने आठ विकेट पर 103 रन बनाए। उसकी ओर से कप्तान निगार सुल्ताना ने 44 गेंदों में 39 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए करिश्मा रामहारैक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 43 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

संक्षिप्त समाचार

- बैतूल में एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण द्वारा शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता तथा महिला सम्मान पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।
- रायसेन के शासकीय जिला अस्पताल में विश्व दृष्टि दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शिवपुरी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था-आईटीआई में 14 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।
- डिंडोरी में 'मैं हूं अभिमन्यु' अभियान अंतर्गत मिनी मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी।

अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वियनचन में 19वें पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

2- प्रदेश में संपदा-2.0 पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से सुगम बनेगी पंजीयन व्यवस्था, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

3- औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये उद्योग मित्र योजना-2024 लागू।

4- देश के साथ प्रदेशभर में भी कल दशहरा पर्व उत्साह और परम्परा के साथ मनाया जाएगा।

---

---